(5)

20

मा० मुख्यमंत्री जी की घोषणान्तर्गत

संख्या– 5900 /III(2)/15–11(मु०मं०घो०)/2015

प्रेषक,

अरविन्द सिंह ह्यांकी,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा मे,

प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
देहरादून।

लोक निर्माण अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांकः 18 अगस्त, 2015

विषयः– वित्तीय वर्ष 2015–16 में मा० मुख्यमंत्री जी की घोषणान्तर्गत लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विभिन्न 22 कार्यों की प्रथम चरण की प्रशासकीय एवं वित्तीय तथा व्यय की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लो०नि०वि० उत्तराखण्ड द्वारा मा० मुख्यमंत्री जी की घोषणान्तर्गत संलग्न विवरणानुसार प्रथम चरण की स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराये गये विभिन्न 22 कार्यों के प्रारम्भिक आगणनों, जिनकी कुल लम्बाई 86.825 किमी० + 10 सेतु तथा लागत ₹ 849.87 लाख है, पर विभागीय टी०ए०सी० द्वारा औचित्यपूर्ण पाई गई लागत ₹ 849.87 लाख (₹ आठ करोड़ उन्चास लाख सत्तासी हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2015–16 में संलग्नक के कॉलम सं0–5 पर उल्लिखित विवरणानुसार प्रति कार्य ₹ 0.10 लाख अर्थात कुल 22 कार्यों हेतु ₹ 2.20 लाख (₹ दो लाख बीस हजार मात्र) की धनराशि, व्यय हेतु आपके निवर्तन में रखे जाने की महामहिम श्री राज्यपाल निम्नांकित शर्तो के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

(i)– उक्त स्वीकृति के आधार पर विभाग द्वारा समस्त प्रक्रियात्मक कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जायेगा तदोपरान्त शासनादेश सं0:–1764/III(2)/10–17(सामान्य)/2008 दिनांक 17 जून, 2010 की व्यवस्थानुसार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर शासन को वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जायेगी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर शासन से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(ii)– आगणन मे उल्लिखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरें शैडयूल आफ रेट में स्वीकृत नही हैं, अथवा बाजार भाव से ली गई हो, की स्वीकृति पर नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा।

(iii)– कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना की स्वीकृत मानक है, स्वीकृत मानक से अधिक व्यय कदापि न किया जाय। यदि प्रथम चरण हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि मे बचत हो रही है तो उसका समायोजन विस्तृत आगणन तैयार करते समय किया जायेगा।

(iv)– कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि के मध्य नजर रखते हुए एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टयों के अनुरूप ही कार्यों को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें।

(v)– आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृत की गई है व्यय उसी मद में किया जाय, एक मद का दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाय।

(vi)– स्वीकृत किया जाने वाला कार्य उत्तराखण्ड प्रोक्योरमेन्ट रूल्स–2008 एवं उक्त के विषय में समय–समय पर निर्गत समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बजट मैनुअल के निर्देशों का भी अनुपालन किया जायेगा।

(vii)– मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0:– 2047/XIV–219(2006) दिनांक 30–05–2006 द्वारा निर्गत आदेशों का कार्य कराते समय या आगणन गठित करते समय कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(viii) उक्तानुसार स्वीकृत आगणनों में एन०पी०वी०, भूमि अधिग्रहण, यूटिलिटी शिफिटंग आदि मदों के सम्बन्ध में यथावश्यक व्यय अनुदान सं0–22–लेखाशीर्षक–5054 सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय–04 जिला तथा अन्य सड़कें– आयोजनागत–800–अन्य व्यय–05–सड़क/भवन/सेतु आदि हेतु भूमि अधिग्रहण –00–24 वृहत निर्माण कार्य में विभागीय आय–व्ययक में प्राविधानित निवर्तन पर रखी गयी धनराशि से किया जायेगा।

(6)

2T.
2,2A



(ix)-- स्वीकृत किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता का सम्पूर्ण दायित्व संबंधित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

(x)-- वर्तमान में व्यय हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय 31-03-2016 तक सुनिश्चित किया जायेगा। यदि स्वीकृत कार्य के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता होती है तो उसका व्यय संगत मद में नियर्तन में रखी गई धनराशि से नियमानुसार किया जायेगा।

(xi) यदि स्वीकृत किये जा रहे कार्यों में से कोई कार्य अथवा उसका कोई भाग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत स्वीकृत है अथवा उसे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया जा सकता है, तो ऐसे कार्य की स्वीकृति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।

(xii) प्रथम चरण के कार्य हेतु यदि किसी अन्य समरूप कार्य हेतु पूर्व में कराई गई डिजाईन/मानक, पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से विषयगत कार्य हेतु प्रयोग की जा सकती है, तो मितव्ययता की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए तद्नुसार कार्यवाही की जाय।

(2) इस संबंध मे होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2015-16 में लोक निर्माण विभाग के अनुदान सं0-22-लेखाशीर्षक-5054 सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04 जिला तथा अन्य सड़कें -आयोजनागत -800-अन्य व्यय-03 राज्य सेक्टर-02 नया निर्माण कार्य-24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

(3) यह आदेश वित्त अनुभाग-2 के अशासकीय संख्या-421/XXVII/(2)/2015 दि0:- 14 अगस्त, 2015 को प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नकः- यथोपरि।

भवदीय,

( अरविन्द सिंह ह्यांकी )
अपर सचिव

संख्याः- /III(2)/15-11(मु0सं0घो0)/2015 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा प्रथम), ओबराय मोटर्स बिल्डिंग, माजरा देहरादून।
2. आयुक्त, गढ़वाल/कुमायूँ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
3. सम्बन्धित जिलाधिकारी।
4. सम्बन्धित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लो.नि.वि., उत्तराखण्ड।
5. सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. वित्त अनुभाग-2, उत्तराखण्ड शासन।
8. मुख्यमंत्री घोषणा अनुभाग-4, उत्तराखण्ड शासन।
9. सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
10. गार्ड बुक।

छाया प्रति सत्यापित
सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०
अल्मोड़ा

आज्ञा से,

( ए0एस0पांगती )
उप सचिव

पृ०पत्रांक:- 2261/535 ग्रा०-कै०/15 दि०:- 24.08.15
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित,
(1) अधि० अभि० , प्रथम / सिविल खण्ड , लो०नि०वि०, अल्मोड़ा / बागेश्वर,
(2) प्रशासनिक / बजट वर्ग ले० कार्या० , लो०नि० वि०, अल्मोड़ा,

24.8.15

2.2B

(22)



शासनादेश संख्या:- 5900 /।।।(2)/15-11(मु0मं0घो0)/2015 दिनांक 18 अगस्त, 2015 का संलग्नक

( धनराशि लाख ₹ में)

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई किमी0 में | कुल स्वीकृत लागत | चालू वित्तीय वर्ष में व्यय हेतु अवमुक्त धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-727/2015 के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र- कर्णप्रयाग के विकास खण्ड गैरसैंण के अन्तर्गत टैटुड़ा में रामगंगा नदी पर 45 मी. स्पान के झूला पुल का निर्माण कार्य। | 45 mtr. | 1.80 | 0.10 |
| 2 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-727/2015 के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र- कर्णप्रयाग के विकास खण्ड गैरसैंण के अन्तर्गत विसराखेत (मेहलचौरी) में रामगंगा नदी पर 42 मी. स्पान के झूला पुल का निर्माण कार्य। | 42 mtr. | 1.68 | 0.10 |
| 3 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या- 444/2015 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र-लैन्सडौन के अन्तर्गत गाडियूपुल-द्वारी-चैड-चैनपुर मोटर मार्ग से तोल्यूडांडा मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 4.00 | 26.48 | 0.10 |
| 4 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-619/2015 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र- पुरोला के अन्तर्गत कण्डारी नौगांव गोडर खगुण्डी तक मोटर मार्ग का डामरीकरण का कार्य। | 7.60 | 1.60 | 0.10 |
| 5 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-924/2015 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र- पुरोला के विकास खण्ड मोरी के अन्तर्गत आराकोट छतारी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 5.725 | 1.20 | 0.10 |
| 6 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-490/2015 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र- गंगोत्री के विकास खण्ड डुण्डा के अन्तर्गत हुल्डियाण्डा में सोडखांडा से केन्द्रीय विद्यालय तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। | 4.00 | 17.92 | 0.10 |
| 7 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-468/2015 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र- यमुनोत्री के अन्तर्गत हनुमानचट्टी से यमुनोत्री तक मोटर मार्ग का सर्वेक्षण तथा निर्माण कार्य। | 16.00 | 16.00 | 0.10 |
| 8 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या- 772/2012 के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र-नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत गूलर भगवासैरा जगोला मोटर मार्ग के भगवासैरा से घेराधार तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 10.00 | 51.58 | 0.10 |
| 9 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-874/2014 के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र-बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरबाड़ के (उडियार बगड) जौंख के मध्य लाहूर नदी में 50 मी. पैदल झूला सेतु का निर्माण कार्य। | 50 mtr. | 2.50 | 0.10 |
| 10 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-652/2015 के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र -कपकोट के अन्तर्गत ग्राम कर्मी-बघर-ढोकटीगांव 10 किमी0 मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 10.00 | 55.00 | 0.10 |
| 11 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-688/2015 के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र -कपकोट के अन्तर्गत ग्राम बहाली के छिड़िया गधेरे से कोठा गाधर साहू मयू ईड, भैरू चौबट्टा लिंक रोड़ का मिलान एवं निर्माण कार्य। | 15.00 | 90.60 | 0.10 |

प्रति सत्यापित

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि०
अल्मोड़ा

(8)

2.2C

23



शासनादेश संख्याः– 5990 / III(2) / 15–11(मु0मं0घो0) / 2015 दिनांक 18 अगस्त, 2015 का संलग्नक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–517/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र–अल्मोड़ा के अन्तर्गत उड्यूड़ा गांव के समीप सुयाल नदी में 30 मी. स्पान स्टील गर्डर पैदल सेतु का नव निर्माण कार्य। | 30 mtr. | 1.98 | 0.10 |
| 13 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–969/2015 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र–अल्मोड़ा के अन्तर्गत कर्नाटक खोला से रैला पाली एवं सरकार की आली को जोड़ते हुए विकास भवन तक सड़क निर्माण का कार्य। | 3.00 | 297.84 | 0.10 |
| 14 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–510/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र–जागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम खडियारी से नैनी पैदल मार्ग में जटागंगा में 21 मी. स्पान स्टील गर्डर पैदल सेतु का नव निर्माण कार्य। | 21 mtr. | 1.50 | 0.10 |
| 15 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–513/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र–जागेश्वर के अन्तर्गत छगटाना ग्राम के निकट भौरीगाड़ में 21 मी. स्पान स्टील गर्डर पैदल सेतु का नव निर्माण कार्य। | 21 mtr. | 1.50 | 0.10 |
| 16 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–514/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र–जागेश्वर के अन्तर्गत बरगला गांव के समीप पोखरी नदी में पैदल पुल का निर्माण | 24 mtr. | 1.04 | 0.10 |
| 17 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–515/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र–जागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम गोरपटयुड़ी व पोखरी पंगराड़ी के मध्य नदी में पुल का निर्माण। | 21 mtr. | 0.92 | 0.10 |
| 18 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–516/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र– जागेश्वर के अन्तर्गत कमलेश्वर नदी में ग्राम सौंज के पास झूला पुल का निर्माण। | 70 mtr. | 2.88 | 0.10 |
| 19 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–518/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र– जागेश्वर के अन्तर्गत पनार नदी पर टंकेश्वर मंदिर के समीप झूला पुल के निर्माण का कार्य। | 60 mtr. | 2.48 | 0.10 |
| 20 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–591/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र– अल्मोड़ा के अन्तर्गत लोअर माल रोड़ पाल निगम कॉलोनी सरकार की आली शिव मंदिर के पास से रैलापाली तक जीपेबल मार्ग के नव निर्माण का कार्य। | 1.00 | 37.40 | 0.10 |
| 21 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–917/2015 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र–गंगोत्री के विकास खण्ड डुण्डा के अन्तर्गत डुण्डा कुराह मोटर मार्ग से जखारी गांव होते हुए बल्ला गांव तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। | 7.00 | 31.36 | 0.10 |
| 22 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या– 567/2015 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र–कोटद्वार के अन्तर्गत कौड़िया से खोह नदी के किनारे गाड़ीघाट एवं ग्रास्टनगंज तक बाईपास सड़क का निर्माण कार्य। | 3.50 | 204.61 | 0.10 |
| | योगः– | 86.825 + 10 Brg | 849.87 | 2.20 |

( कुल ₹ दो लाख बीस हजार मात्र)

( एच०एस०पांगती )
उप सचिव

छाया प्रति सत्यापित

[signature]

... अभियन्ता
प्रान्तीय ... नि०वि०
अल्मोड़ा